<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक–10.08.2024 **(दोपहर–1455 बजे)**

केन्द्रीय कैबिनेट ने यह निर्णय लिया है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जायेगा। केन्द्रीय सचूना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि बैठक में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय की हाल की टिप्पणी पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि कैबिनेट की सुविचारित राय है कि एनडीए सरकार बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा बनाए गये संविधान के प्रावधानों के प्रति वचनबद्ध है।

****

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण को भी मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2024–25 से 2028–29 के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना लागू किये जाने की भी मंजूरी दी। श्री वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत तीन करोड़ नये आवास बनाए जाऐंगे। श्री वैष्णव ने यह भी बताया कि योजना के तहत शहरी क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाने का भी प्रावधान है।

****

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बैंकों में कोर बैंकिंग पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया है। आज नई दिल्ली में रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय वित्त मंत्री ने बैंकों से जमा और उधारी राशि से संबंधित प्रमुख कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा।

****

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने झारखंड सरकार पर अपना एक भी वादा पूरा नहीं करने का आरोप लगाया है। रांची में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विस्थापन आयोग और महिला आयोग का गठन नहीं किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि राज्य में कानून का शासन ध्वस्त हो गया है। सरकार ने अपना पांच साल में एक भी वादा पूरा नहीं किया लेकिन जनता अब भ्रमित नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार को प्रधानमंत्री मोदी से सीखना चाहिए, उन्होंने शौचालय से लेकर उज्ज्वला योजना जैसे जितने वादे किये थे, सभी वादे पूरे किये।

****

रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के नेतृत्व में आज सुबह होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में छापेमारी की गयी। इस दौरान सभी वार्ड और बैरक की सघन जांच की गई। छापेमारी के दौरान गांजा, खैनी, गुटखा और एक पेन ड्राइव बरामद किया गया। इस पर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य किसी तरह की आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं की गयी।

****

राज्य के नौ जिलों में आज से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम शुरु हो गया है। इनमें चतरा, गोड्डा, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, हजारीबाग, जामताड़ा, पलामू, लातेहार और दुमका शामिल हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने लोगों से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

****

पवित्र सावन माह की चौथी सोमवारी को लेकर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में व्यापक तैयारी की गयी है।

****